# <u>Departmental Activities</u>:

## <u>(Session 2021-22)</u>

### 1. EXTENSION LECTURE

Department of Management organized an extension lecture on the topic "presentation skills" by Dr. Manisreshth, Assistant Professor of Haryana School of Business of Guru Jambheshwar University of Science & Technology Hisar on 22 december,2021 at 12.00 pm at Hansraj Hall.

## दयानन्द महाविद्यालय में 'प्रस्तुतीकरण कौशल' विषय पर व्याख्यान आयोजित



महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह मुख्यअतिथि को स्मृति चिन्ह् देकर सम्मानित करते हुए।

**पाठकपक्ष न्यूज**

हिसार, 22 दिसम्बर : आज दयानन्द महाविद्यालय, हिसार के हंसराज सभागार में वाणिज्य, अर्थशास्त्र एवं प्रबन्धन विभाग के संयुक्त तत्वाधान में 'प्रस्तुतीकरण कौशल' विषय पर व्याख्यान आयोजित किया गया। इसमें मुख्यवक्ता के तौर पर गुरू जम्भेश्वर विश्वविद्यालय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, हिसार के 'हरियाणा स्कूल ऑफ बिजनेस' के सहायक प्रोफेसर डॉ. मणिश्रेष्ठ ने अपने विचार रखे। 'यू.जी.सी. स्वयं' तथा 'इ.पी.जी. पाठशाला' से जुडे डॉ. मणिश्रेष्ठ ने अपने वक्तव्य में कहा कि एक सफल मैनेजर का प्रस्तुतीकरण स्पष्ट, आकर्षक एवं प्रभावी होना चाहिए ताकि वह श्रोताओं पर अमिट छाप छोड़ सके। उन्होंने कहा कि व्यावसायिक तथा व्यक्तिगत जीवन में प्रस्तुतीकरण कौशल की बेहद आवश्यकता है। कॉर्पोरेट सैक्टर में काम करने के इच्छुक व्यक्तियों के लिए यह कौशल अत्यंत आवश्यक है। सफ्ल प्रस्तुतीकरण सुनहरे कैरियर के लिए महत्वपूर्ण सोपान है। इस मौके पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह ने कहा कि आत्मविश्वास के साथ की गई पूर्ण अभिव्यक्ति ही प्रस्तुतीकरण कौशल है। प्रस्तुतीकरण खुद को व्यक्त करने की कला है जिसे विद्यार्थी जीवन में थोड़ी सी अतिरिक्त कोशिश से हम सीख सकते हैं। कार्यक्रम का मंच संचालन डॉ. सुरूचि शर्मा तथा भावना ने किया। इस अवसर पर डॉ. रेनू राठी, डॉ. सुरूचि शर्मा, डॉ. अरूणा कद, डॉ. शम्मी नागपाल तथा वाणिज्य, अर्थशास्त्र एवं प्रबन्धन विभाग के प्राध्यापकगण तथा बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

2. Department of Management conducted one day extension lecture on **"See beyond, there is always more than obvious"** by **Dr. Sanjeevkumar** sir on **18th May, 2022**

हिसार, वीरवार, 19 मई 2022 3

# प्रकृति हमें जीने की कला सिखाती है : डॉ. कुमार



**हिसार**/ 19 मई/ रिपोर्टर

जो हम देखते हैं उसका सत्य से कोई सम्बन्ध नहीं होता। हमारी आंखें उतना देखती हैं, जितना जीने के लिए जरूरी है क्योंकि प्रकृति हमें जीने की कला सिखाती है इसलिए जितना हो सके हमें सत्य के पास पहुंचने की कोशिश करनी चाहिए। यह विचार आज स्थानीय दयानन्द महाविद्यालय के प्रबन्धन विभाग द्वारा आयोजित See Beyond : there is always more than obvious विषय पर आयोजित सेमीनार में गुजवि के हरियाणा स्कूल ऑफ बिजनेस के प्रोफेसर डॉ. संजीव कुमार ने व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि आज के युवाओं के पास नौकरी के बहुत से साधन उपलब्ध हैं तथा युवाओं को उन्हें हासिल करने के लिए प्रयास करते रहना चाहिए। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह ने कहा कि सत्य हमेशा दिखाई नहीं देता परन्तु हम उसे खोजने का निरन्तर प्रयास कर सकते हैं। कार्यक्रम में प्रबन्धन विभाग की विभागाध्यक्षा डॉ. सुरूचि शर्मा ने भी अपने विचार प्रकट किए। इस अवसर पर डॉ. रेनू राठी, स्नेहल आर्या, डॉ. समता चौधरी, डॉ. रीना, डॉ. मुकेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

**3.** Department of Management organized an extension lecture on Personal Finance Management to create awareness about investment by **Sh.Rakesh Punia** Financial consultant and director of Fingo Wealth and Fingo Advisory Pvt.Ltd.On 15.04.2022 at 11.30 am in library reading Hall.

## डीएन कालेज में 'निवेश जागरूकता एवं व्यक्तिगत वित्त व्यवस्था' पर कार्यक्रम आयोजित

**पाठकपक्ष न्यूज**, हिसार, 15 अप्रैल : विकासशील देशों में सबसे बड़ी चुनौती मंहगाई है। जिसके कारण बचत में कमी हो रही है तथा लोगों में वित्तीय जागरूकता भी कम है। अगर हमें वित्तीय सुरक्षा चाहिए तो इसके लिए हमें स्वयं व्यवस्था करनी होगी तथा हमें व्यवस्थित निवेश योजनाएं अपनानी होंगी। ये विचार आज दयानन्द महाविद्यालय, हिसार में वाणिज्य, अर्थशास्त्र तथा प्रबन्धन विभाग के संयुक्त तत्वाधान में "निवेश जागरूकता एवं व्यक्तिगत वित्त व्यवस्था" पर अपने वक्तव्य में मुम्बई स्थित फिनगो वैल्थ एण्ड फिनगो एडवाईजरी प्राईवेटे लिमिटेड के संचालक श्री राकेश पूनिया ने व्यक्त किए। इस अवसर पर दयानन्द महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह ने अपने सम्बोधन में कहा कि हमारी जिन्दगी में वित्तीय व्यवस्था एक अहम हिस्सा है, इसलिए हमें भी वित्तीय व्यवस्था की जानकारी होनी चाहिए ताकि



हमें अपनी बचत को सही जगह पर निवेश कर सकें। इस कार्यक्रम में प्रोफेसर नरेन्द्र कुमार ने भी "पावर ऑफ स्माल सेविंग" के बारे में बताया। कार्यक्रम का मंच संचालन डॉ. मुकेश ने किया। इस अवार पर डॉ. रेनू राठी, डॉ. सुरूचि शर्मा, डॉ. शम्मी नागपाल, प्रो. नरेन्द्र तथा वाणिज्य, अर्थशास्त्र एवं प्रबन्धन विभाग के प्राध्यापकगण तथा बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।

**(Session 2022-23)**

1. Essay writing competition on the theme **'Enterpreneurship'** on 8th February, 2023.

# दयानन्द महाविद्यालय द्वारा निबन्ध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया




**हांसी क्रांति न्यूज**

**हिसार,** : दयानन्द महाविद्यालय, हिसार के प्रबंधन, अर्थशास्त्र, राजनीति विज्ञान व लोक प्रशासन विभागों द्वारा निबन्ध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का शीर्षक 'उधमशीलता' रहा। प्रतियोगिता के प्रारम्भ में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ विक्रमजीत सिंह ने प्रतिभागियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज के समय में 'उधमशीलता' की बहुत ही अहम भूमिका है। प्रतियोगिता की शुरूआत करते हुए प्रबंधन तथा अर्थशास्त्र विभाग की विभागाध्यक्षा डॉ. सुरूचि शर्मा व राजनीतिक विज्ञान व लोक प्रशास विभाग की विभागाध्यक्षा डॉ. शम्मी नागपाल ने बच्चों का मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि विद्यार्थियों को परिणाम के बारे में सोचे बिना प्रतिस्पर्धा में भाग लेना चाहिए। क्योंकि हर प्रतिस्पर्धा से विद्यार्थी कुछ न कुछ सीखते हैं। कार्यक्रम का मंच संचालन डॉ. मुकेश कुमार ने किया। निर्णायक मण्डल की भूमिका डॉ. मोनिका कक्कड़ तथा प्रो. शालू रानी ने निभाई। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रो. स्नेहल आर्य, डॉ. समता चैधरी, स्मृति, डॉ. रीना, डॉ. मुकेश कुमार, पवन कुमार, राजीव तुर्किया, मनदीप पूनिया, डॉ. राजेश पूनिया का अहम योगदान रहा। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान मीना (बी.ए.), द्वितीय स्थान गरिमा (बी.ए.) तथा तृतीय स्थान तनु (बी.बी़.ए.) ने प्राप्त किया। कार्यक्रम कें अंत में प्राचार्य द्वारा विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

2. Workshop on financial program for the students related to investment by **NISM** on 1st and 2nd March, 2023.

दैनिक भास्कर
हिसार भास्कर 02-03-2023

## कार्यशाला में इन्वेंस्टमेंट प्लान की दी जानकारी

सिटी रिपोर्टर • दयानंद कॉलेज के प्रबंधन विभाग ने वित्तीय शिक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत 'कोना-कोना शिक्षा' पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। इसमें एनआईएसएम के सदस्य अरुण पूनिया ने विद्यार्थियों को निवेश के बारे में बताया। एनआईएसएम की सदस्य पदमा ने विद्यार्थियों को बताया कि जीवन के सभी लक्ष्यों को पूरा करने के लिए कहां निवेश करना चाहिए। कार्यशाला के आरम्भ में कॉलेज के प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह ने कहा कि यह कार्यशाला सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए महत्वपूर्ण सिद्ध होगी। डॉ. रेनू राठी ने कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए विद्यार्थियों को कार्यशाला के महत्व के बारे में बताया। प्रबंधन विभाग के प्राध्यापक डॉ. रीना, प्रो. स्मृति, डॉ. समता चौधरी व अर्थशास्त्र विभाग के प्राध्यापक डॉ. मुकेश शर्मा मौजूद थे।

**3.** Internship drive by **NABHCHOR** on 9th February, 2023**.**



# नभ-छोर के ऑन कैम्पस इंटर्नशिप ड्राईव में सात विद्यार्थियों का चयन




नभ-छोर न्यूज ⏭ 09 फरवरी

**हिसार।** दयानंद महाविद्यालय में प्रबंधन विभाग द्वारा आज बीबीए के विद्यार्थियों के लिए इंटर्नशिप कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सांध्य दैनिक नभ-छोर के ऑन कैम्पस इंटरनशिप ड्राईव में महाविद्यालय के सात विद्यार्थियों का चयन हुआ। इस प्लेसमेंट में महाविद्यालय के प्रबन्धन विभाग के लगभग 50 विद्यार्थियों ने भाग लिया। जिनमें प्रबन्धन विभाग के सात विद्यार्थी उज्जवल, सौम्या, मदन, प्रथम, कुशाल, वीरेन और गरिमा चयनित हुए। विदित रहे कि नभछोर 38 साल पुराना समाचार पत्र है और इन्होंने अभी समाचार पत्र का डिजीटलीकरण भी किया है जिसके लिए मार्केटिंग तथा सेल्स के लिए विद्यार्थियों का चयन किया गया है। महाविद्यालय की कार्यवाहक प्राचार्या अरूणा कद ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। प्रबन्धन विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. सुरूचि शर्मा ने इंटरनशिप ड्राईव को विद्यार्थियों के लिए एक सुनहरा अवसर बताया, जिससे विद्यार्थी अपनी क्षमता और गुणों का विकास करके खुद सक्षम कर पाएंगे। इस कार्यक्रम में प्रबंधन विभाग के सहायक प्रो. स्मृति, स्नेहल आर्य, डॉ. समता व डॉ. रीना उपस्थित रहे।

## (Session 2023-24)

1. Department of management, organized **advertising making competition** among BBA students in seminar Hall of Dayanand College, Hisar on 22.09.23

# विज्ञापन प्रतियोगिता में दयानन्द महाविद्यालय के विद्यार्थियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 22 सितम्बर :** दयानन्द महाविद्यालय, हिसार प्रबन्धन विभाग के द्वारा आज महाविद्यालय में 'विज्ञापन प्रतियोगिता' का आयोजन किया गया। जिसमें बी.बी.ए. प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय वर्ष के लगभग 75 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में बी.बी.ए. द्वितीय वर्ष के छात्र अमन प्रथम स्थान पर, बी.बी.ए. प्रथम वर्ष के छात्र राहुल, खुशी महता, सुमित, खुशी सोनी व आदित्य द्वितीय स्थान पर रहे। बी.बी.ए. प्रथम वर्ष की छात्र हर्ष ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा तीन सांत्वना पुरस्कार भी दिए गए। प्रतियोगिता की शुरूआत महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह ने करते हुए अपने सम्बोधन में कहा कि आज के युग में बिजनेस को कामयाब बनाने में विज्ञापनों की बहुत बड़ी भूमिका है। इस प्रतियोगिता में निर्णायक मण्डल की भूमिका डॉ. शम्मी नागपाल तथा प्रो. मंजीत सिंह ने निभाई। अपने सम्बोधन में डॉ. शम्मी नागपाल ने प्रतिभागियों का मनोबल बढ़ाया तथा प्रो. मंजीत सिंह ने विज्ञापन को एक कला बताते हुए कहा कि विज्ञापन बहुत सारी चीजों का संयोजन है जिसका विद्यार्थियों को विज्ञापन बनाते समय विशेष ध्यान रखना चाहिए। प्रबन्धन विभाग की विभागाध्यक्षा डॉ. सुरूचि शर्मा ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया और भविष्य में इस तरह की और भी प्रतियोगिताओं का आयोजन करवाया जाता रहेगा। मंच का संचालन प्रो. स्मृति बिश्नोई ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षकगण डॉ. रेनू राठी, डॉ. स्नेहल, डॉ. रीना कुमारी, प्रो. अनीता देवी तथा गैर शिक्षक कर्मचारी सतीश उपस्थित रहे।

2. Department of management, commerce and economics organized a talk on introduction to the world of investing on 23.02.24 at Hansraj Hall of Dayanad college, Hisar.

# दयानन्द महाविद्यालय में 'अ टॉक ऑन इंट्रोडक्शन टू दा वर्ल्ड ऑफइन्वेस्टिंग' का आयोजन



**पाठकपक्ष न्यूज**
**हिसार, 24 फरवरी** : दयानन्द महाविद्यालय, हिसार के महात्मा हंसराज हॉल में वाणिज्य, अर्थशास्त्र व प्रबंधन विभाग के संयुक्त तत्वाधान में ''अ टॉक ऑन इंट्रोडक्शन टू दा वर्ल्ड ऑफ इन्वेस्टिंग'' का आयोजन किया गया। इसमें मुख्यवक्ता के तौर पर एनएसई एकेडमी लिमिटेड, हिसार के जगदीप पंघाल ने अपने विचार रखे। उन्होंने बढ़ती मंहगाई से निजात पाने के लिए अलग-अलग प्रतिभूतियों में निवेश करने के बारे में सुझाव दिए। इस मौके पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह ने कहा कि निवेश आज के समय की मांग है और हमें सही समय व सही जगह पर निवेश करना चाहिए। इस अवसर पर डॉ. अरूणा कद ने अपने विचार सांझा करते हुए कहा कि पैसा आज की सबसे बड़ी जरूरत है, हमें पैसा कमाने के साथ पैसा बढ़ाना भी सीखना होगा। इस अवसर पर डॉ. रेनू राठी, डॉ. सुरूचि शर्मा तथा वाणिज्य, अर्थशास्त्र एवं प्रबंधन विभाग के प्राध्यापकगण तथा बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।